CIK-03

June - Examination 2026

कर्मकाण्ड में प्रमाण–पत्र

Certificate in Karmkand Examination

प्रायोगिक पेपर

Paper : CIK-03

[*Time: **3** Hours*] [*Maximum Marks: **100***]

निर्देश :– यह प्रश्न–पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड–'अ' **10×2=20**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

1. (i) हथेली का चित्र बनाकर पितृतीर्थ को चिन्हित कीजिए।
   (ii) योनि मुद्रा का चित्र बनाइए।
   (iii) नवग्रह मण्डल में शुक्र का चित्र बनाइए।
   (iv) करोद्वर्तन किसे कहते हैं?
   (v) शाकल्य का परिमाण बताइए।
   (vi) ग्रह प्रवेश में मण्डप का चित्र बनाइए।
   (vii) नारियल का कलश किस दिशा में स्थापित किया जाता है?
   (viii) लक्ष्मी गायत्री का मन्त्र लिखिए।
   (ix) क्या भद्रा में शुभ कार्य किया जा सकता है?
   (x) अभिजीत मुहूर्त किसे कहते हैं?

खण्ड–'ब' **4×10=40**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **10** अंक का है।

2. सप्तपदी पर प्रकाश डालिए।
3. सर्वतोभद्र मण्डल का चित्र बनाकर समझाइए।
4. नवग्रह मण्डल का चित्र बनाकर समझाइए।
5. सन्ध्योपासन में प्राणायाम को संक्षेप में समझाइए।
6. अंगन्यास के चित्र बनाकर बताइए।
7. करन्यास को सचित्र समझाइए।
8. पंचस्नान को मन्त्र सहित बताइए।
9. किन्हीं तीन यज्ञपात्रों को सचित्र बताइए।

खण्ड–'स' 2×20=40

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **20** अंक का है।

10. बलि वैश्वदेव का सांगोपांग वर्णन कीजिए।
11. रुद्राभिषेक का मन्त्र सहित वर्णन कीजिए।
12. आरती किसे कहते हैं? वैदिक एवं लौकिक आरती का वर्णन कीजिए।
13. यज्ञ किसे कहते हैं? यज्ञ विधि का वर्णन कीजिए।
